समीक्षा: अनंत नायक ने कहा मूल संस्कृति को प्रभावित किए बिना पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

गरियाबंद
एक वर्ष पहले

समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी।

फीडबैक दें

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अनंत नायक ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व

जनजाति वर्ग के सभी लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। साथी ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि उनकी मूल संस्कृति प्रभावित न हो। उनकी संस्कृति और मूल परिवेश के अनुरूप ही, योजनाओं का क्रियान्वयन करने विभागों का प्रयास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा और स्वरोजगार का पूरा प्रबंध होना चाहिए। नायक ने समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारी को आयोग के सामने वास्तविक जानकारी प्रस्तुत करने कहा।

बैठक में जिला पंचायत, सांख्यिकी, शिक्षा, आदिवासी विकास, कृषि, रोजगार, अंत्यावसायी, सहकारिता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, पीएचई, खाद्य, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, परियोजना प्रशासक, श्रम, महिला व बाल विकास, पशुधन विकास, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि विभागों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार आरके त्रिपाठी, निज सचिव विश्वदीप पिस्दा, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर आदि सहित अन्य सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

फीडबैक दें

खबरें और भी हैं...

विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगी भाजपा: BJP